तने श्रौर कौन बड़ भागी । ब्रम्ह धयौ नरतन जिन लागी ॥
न्दौ नन्द महर के चरणा । सहित जसोमति मंगल करणा ॥
नकी महिमा भाग्य बड़ाई । निगमागम शिव शारद गाई ॥
न्दौ रोहिणि पद जलजाता । कृस्नाग्रज बल देवकी माता ॥
ीरति युत वृषभान गोप वर । वन्दौं चरण कमल जसिर धर ॥
त मात राधा रानी के ॥ त्रिभुवन ठाकुर ठकुरानी के ॥
ृस्न कमल हगा कौ कमला के । कलुष विभंजन सब विमला के ॥
न्दौ श्रीराधा अंबुज जिन ॥ जिनके ध्यान मिटत श्रघ सेहून ॥
ीत कृस्न सहज हि वस ताके । प्रेम सहित गुण गावत जाके ॥
न्दौं सो वृषभान दुलारी ॥ कृस्न प्राण जीवन धन प्यारी ॥

दो० राधा कृस्न पदांबुजन वन्दौं महि सिर टेक ।
ब्रज विलास सहि दोय तन प्रगट किये हैं एक ॥
सो० वन्दौं युगुल किशोर रूप रासि आनंद घन ॥
दोऊ चन्द चकोर प्रीति रीति रस बस सदा ॥

श्रपर गोप गोपी गोपाला ॥ जिनके संग विचरहि नंदलाला ॥
गाय वच्छ बालक ब्रजवासी । जिनके सखा कृस्न अविनासी ॥
श्रौर जाति जो ब्रज हि निवासी । वन्दौं सकल सुकृत की रासी ॥
मथुरा पुरी नारि नर नागर ॥ गोकुलादि जो ग्राम उजागर ॥
श्री यमुना सरि परम पुनीता । जासु दरस नहि यमपुर भीता ॥
परवत वापी कूप तड़ागा ॥ श्री वृंदावनादि वन बागा ॥
खग मृग जलचर जीव विभागा । वन्दौं सकल सहित अनुरागा ॥
वन्दौं गिरि गोवर्द्धन देवा ॥ अपर देव तिन सम नहि केवा ॥
सुरपति मेटि चाहि हरि पूजा । आन देव तिन सम को दूजा ॥
अति रमनीय रेत यमुना तट । उपवन रमित सुभग वंसीवट ॥
जहं जहं श्री हरि धेनु चराई । सुंदर स्यामल कुंवर कन्हाई ॥

कीनो बाल विनोद नंद जसोमति के अजिर

गर्ग आद लक्षण पुनि भाषे
पुनि बालनि संग खेल निलागे। बाल खेल लीला अनुरागे
विप्र पाप जैसे क्षुद्र कीनो॥ चंदा हेत बहुरि हठ
कनछेदन लीला सुखदाई॥ कहिहौ सब आनंद बधाई
पुनि ह्वै खेलत माटी खाई। जसुमति ले सांटी उठि धाई
माता आरौ जिमि सुखधार्यो।
सालिग्राम मेलि मुख लीन्हों। नंदहि पूजा मैं सुख दीन्हों॥
सन्ध्यावन हित जिमि अकुलाये
ग्वाल संग बहुरि अनुरागे॥ माखन चोरी के रस पागे॥
बहुरि माता क्रोध उपायो॥ भक्त हेत दावरी बंधायो॥
यमला अर्जुन वृक्ष छुडाये धनद सुतन के पाप नसाये।
पुनि बन गोचारन मन आन्यो। ग्वालन संग जान हठ ठान्यो

दो० बहुरि जाय बन मैं हन्यो वत्सासुर नंदनंद
ग्वाल संग आनंद सहित घर आये सुखकंद
सो० सो करि कै विस्तार प्रेम सहित सब बरनिहौ
निज मति के अनुसार ब्रजवासी प्रभु के गुणन॥

गोदोहन जैसे पुनि कीनो॥ तात मात ब्रजजन सुख दीनो
मोती बये नंद के धामे॥ सुर नर लखि चकृत भये जामे॥
बहुरि जाय बन नंदकुमारा। बका असुर का बदन बिदारा
बहुरौ बाल चरित चित दीने। भौंरा चकई खेलन लीने॥
श्री राधा सौं प्रीति दृढाई॥ कीने चरित ललित सुखदाई॥
अघा असुर मार्यो पुनि जाई। ग्वालन संग छाक बन खाई॥
भयो मोह जिमि विधि के मन मैं। बालक बच्छ हरे तिन बन मै॥
तिनको रूप आप प्रभु कीने॥ ब्रज के बासिन को सुख दीने॥

सो सब कहिहौं करि विस्तारा। अघनासन प्रभु चरित उदारा।
श्रीवृषभानलली पुनि आई। जैसे हरि सौं गाय दुहाई॥
कहिहौं सो रस कथा सुहाई। अति विचित्र जन मन सुखदाई।
वहुरौं धेनुक कौ वध कीनो॥ विष जल तें ग्वालन रख लीनो।

दो० पुनि नाथ्यौ कालो उरग जल मैं पैठि मुरारि॥
जमुना जल निर्मल कियो व्रज तें दियो निकारि।
सो० कियो दावा नल पान राखि लिये व्रज लोग सब
जिनके कृपा निधान सदा भक्त संकट हरण॥

वहुरि प्रलंब असुर व्रज आयो। खेलन मैं हरि ताहि नसायो॥
पनघट जमुना तट पुनि जाई। गोपिन सौं रस कियो कन्हाई।
चीर हरण लीला पुनि कीन्ही। कहिहौं सकल प्रेम रस भीनी।
पुनि वृंदावन मैं सुख शीला॥ ग्वालन संग करी जो लीला।
वृंदावन की महत वडाई॥ श्री मुख श्रीवल जू सौं गाई॥
ऋषि पत्निन सौं भोजन लीनो॥ भक्ति दान तिनकौं प्रभु दीनो।
पुनि श्री गोवर्द्धन गिरि राई॥ व्रज थापे सुरपतिहि मिटाई।
सुरपति कोप कियो यह जानी। वरख्यौ प्रलय काल को पानी।
तव प्रभु गिरि कर धरि व्रज राख्यौ। जै जै सब व्रजवासिन भाख्यौ।
सो सब अनुपम कथा सुहाई॥ कृष्ण कृपा तें कहिहौं गाई॥
नंदहि पकरि वरुण के दासा॥ जिमि लै गये वरुण के पासा।
ल्याये श्याम तहां तें जाई॥ व्रज मैं भई अनंद वधाई॥

दो० वहुरौं पुर वैकुंठ जो आनि पुनीत निजधाम
व्रजवासिन कौं करि कृपा दिखरायौ घनश्याम॥
सो० सो सब कथा अनूप अति विचित्र पावन परम
कहिहौं मति अनुरूप संत जनन मन भाविनी॥

पुनि जो करी श्याम सुख शीला॥ अति अद्भुत व्रज मैं रस लीला।

श्री राधा वृषभानदुलारी ॥ और सकल व्रज गाय कुमारी॥
तिनसों मिलि श्रीकुंजविहारी रस सिंगार लीला विस्तारी॥
आनंद भई सकल सुखकारी गायनरन भव सब नरनारी
जिमि गोपिन हरिसों मन लायौ प्रेम पंथ दृढ कोरि दिखरायौ
गोरस ले निकसी व्रज नारी॥ जिमि दांध दान लियवनवारी
भई प्रेम उन मन शुधारी॥ लोक लाज तन दशा बिसारी
बहुरि चरित्र कुंवर राधाके परम पवित्र हरन बाधा के॥
जैसें मिली श्याम सों जाई। बहुरौं जैसें प्रीति दृढाई॥
पुनि मके चरित्र विविधिवर किये प्रया प्रीतम स्नान सुंदर
गर्व विरह अभिलाषपरस्पर अति रहस्य लीला सुदरवर
कहिहौं सकलकथा सुखदाई भक्तिरसजन के मन भाई॥

दो॰ देखि मुकर में ग्वालिनी पुनि जैसें निजरूप
विवस भई सो गाइहौं लीला परम अनूप॥
सो॰ पुनि नैना अनुराग अरु मुरलीकी प्रियकथा
कहिहौं सहित विभाग प्रेम सुधारस सो भरी

बहुरौं शरद रैन अतिपावन श्रीवृंदावन परम सुहावन
तहां श्याम बासुरी बजाई॥ घर घर ते व्रजनारि बुलाई
कियो राज रस रसिक विहारी भई प्रेम गर्विन तह नारी॥
अन्तर्ध्यान चरित नव कीनो गर्व गोपकनिकौ हरि लीनो
कियो महा मंगल पुनि रासा बढ्यो परम आनंद हुलासा
पुनि जलकेलि करी पतिभावन कहिहौं चरित सकल अतिपावन
मान चरित लीला सुखदाई॥ कहौं बहुरि जिमि कुंवर कन्हाई
विस्तर सहित कहौं सो बरनी भरी प्रेमरस आनंद करनी॥
बहुरि जाइ हिंडोरा झूले॥ भये सकल गोपिन अनुकूले
ऋतु वसंत फागुन जब आयौ कियो फागु रंग नव सनभायौ

सो रस कथा सकल सुख दानी ॥ मानि समान सब कहौ बषानी
पुनि विद्या धर आय नसायौ ॥ अजगर तन तैं नाहिं नचायौ

दो॰ संषचूड़ मार्यौ बहुरि अधम निशाचर नीच
पुनि मार्यौ वृषभासुर हरि ब्रजवासिन बीच ॥
सो॰ वध्यौ बहुरि गोपाल केसी भौमासुर जिम
दुष्टदलन नंदलाल कहिहौं चरित पुनीत सब ॥

बहुरि आय नारद यश गायौ ॥ सुनि के स्याम बहुत सुष पायौ
तबहि कंस अक्रूर पठायौ ॥ लेन कृस्न कौ सो ब्रज आयौ ॥
भये सुनत ब्रजलोग उदासी ॥ मधुपुर चले बहुत सुख रासी
जब अक्रूर हृदय सुख पायौ ॥ तब हरि जल मैं दरस दिखायौ
भये सुखी लखि प्रभु प्रभुताई ॥ सो सब चरित कहौं सुखदाई
गये बहुरि मथुरा दधि दानी ॥ मार्यौ प्रथम रजक अभिमानी
वसन लुटाय सखन पहिराये ॥ बहुरि सुदामा के घर आये
कुवजा नें चंदन हरि लीनौं ॥ ताकौं रूप अनूपम दीनौं ॥ ॥
तोर्यौ धनुष असुर बहु मारे ॥ द्विरद जीत पुनि दंत उषारे ॥
भिरे बहुरि मल्लन सौं जाई ॥ किये युद्ध तिन सौं दोउ भाई ॥
जीति सबन कहं असुर संघारे ॥ डर्यौ कंस लखि अति बलभारे
गये नृपति पहं तब दोउ भाई ॥ दयौ मंच नें भूमि गिराई ॥

दो॰ मारि कंस पुनि केस धरि दियो यमुन जल डारि
उग्रसेन राजा कियो चमर छत्र सिर ढारि ॥
सो॰ बहुरि दियो सुख जाय वंदि काटि पितु मातु की
सुन्दर दरश दिखाय भयो तहां मंगल परम ॥

कहिहौं चरित सकल विस्तारी ॥ भौ भै भंजन मंगलकारी ॥
करि मधुपुरि के लोग सनाथा ॥ कुवजा सदन बसे ब्रजनाथा ॥
नंद विदा करि ब्रजहि पठाये ॥ विकल तब ब्रजवासिन दुख पाये ॥

हरि तजनंद आये ब्रज जबहीं । भई जसोधा व्याकुल तबहीं ॥
गोपिन सुनि हित कुविजा ही को । कियो परेखो अतिगिरधर को ॥
भई विरहवस पुनि ब्रजबाला । कहिहौं सो सब प्रेम विशाला ॥
पुनि कुलरीति जानि वसुदेऊ । हरि हलधर कों कियो जनेऊ ॥
विद्यानिधि पुनि जानन राई । विद्या पढन गये दोउ भाई ॥
पूरण काम गुरू के कीने । मरे पुत्र प्रभु तिन को दीने ॥
ज्ञान गर्व ऊधो मन जानी । पठये ब्रज हित स्याम सुखमानी ॥
सो ऊधौ गोपी संवादा । प्रेम भक्ति गोपिन की मर्यादा ॥
कही सो कथा विचित्र सुहाई । भक्ति जनन को अति सुखदाई ॥

दो॰ पुनि ऊधौ जैसे गये प्रेम भक्ति कों पाइ ।
ब्रजवासिन की व्यवस्था कही श्याम सों जाय ॥

सो॰ ब्रज तजि हरि है ब्रजराज ब्रजवासिन के प्रेमवस ।
किये सुरन के काज धारि चतुर्भुज रूप पुनि ॥

सो द्वारिका चरित्र सुहाये । प्रगट पुरानन मे सब गाये ॥
अति विचित्र हरि चरित अपारा । काहू पाय लह्यौ नहि पारा ॥
संत समान बुधजन सब गावें । गाय गाय तन पाप नसावें ॥
हरि पद पंकज प्रीति बढावें । मन चंचल कों तहां रमावें ॥
ब्रजविलास हरि को अतिपावन । रस माधुर्य चरित्र सुहावन ॥
तातें कछुक कहत हौं गाई । सब संतन के पद शिर नाई ॥
यामें कछु बुद्धि नहिं मेरी । युक्ति युक्ति सब सूरहि केरी ॥
कियौ सूर रस सिंधु उदारा । तामें प्रेम तरंग अपारा ॥
हरि के चरित रत्न विधि नाना । ब्रजविलास सो सुधा समाना ॥
पद रचना करि सूर बखान्यौ । कोमल विमल मधुर रस सान्यौ ॥
समय समय के राग सुहाये । अति विस्तार भाव मन भाये ॥
ताकौ स्वाद कह्यौ नहिं जाई । कहत सुनत श्रवनन सुखदाई ॥

दो॰ आनँद राय करौं मोहन मनहिं संग गुणन के संग
कहत विनय तामें नहीं क्रम सों कथा प्रसंग।
सो॰ मेरे मन अभिलाष प्रभु प्रेरित ऐसो भयो।
कहिहौं यह रस भाव क्रम सौं कथा प्रसंग सव।

तातन निज मन की रुचि जानी। इहि विधि करौं प्रवंध सुवानी
द्वादश चौपाई प्रति दोहा॥ तहँ पुनि एक सोरठा सोहा
कहूँ कहूँ सुभ छंद सुहाये॥ भाषा सरल न अर्थ दुराये॥
कहत सुनत समुझत मन भाई। ध्यान रूप मैं कथा सुहाई॥
धर्म धर्म नहिं नीति वषानी॥ केवल भक्ति प्रेम सुखदानी॥
जानि कृष्ण के चरित पुनीता। कहिहैं सुनिहैं संत सुप्रीता॥
वहुरि कहत दोऊ कर जोरी॥ सुनियो विनय कृपा करि मोरी
चूक परी जो मो तन होई॥॥ सुजन सुधारि लीजियो सोई
मैं नहिं कविन सुजान कहाऊं। कृष्ण विलास प्रीति कर गाऊं
सो विचारि कै अवगुन कीजे। काव्य दोष गुण मन नहिं दीजे
ऐसें सव कौं विनय सुनाई॥ कृष्ण चरित वरनों सुखदाई
कृष्ण चरित आनंद को रासा। मंगल करण हरण भव वासा

दो॰ विघन विनासन सुभ करन तापत्रय उर सूल॥
चरित ललित नँदनंद के सकल सुखन के मूल॥
सो॰ चरण कमल उर धार श्रीराधा नँदलाल के।
सुंदर रस आगार व्रजविलास अव वरणि हौं॥

संवत सुभ पुराण सत जानों। तापर और नक्षत्र न आनों॥
माघ सुमास पक्ष उजियारा॥ तिथि पंचमी सुभग शशिवारा
श्री वसंत उत्सव दिन जानी। सकल विश्व मन आनँद दानी
मन में करि आनंद हुलासा॥ व्रजविलास को करि प्रकाशा
वन्दौं प्रथम कमल पद नीके। श्रीवल्लभ उर आचरज जीके

श्रीलक्ष्मण भट्टकुँवर उदारा॥ जन उद्धारन हित अवतारा॥
माया वाद मिटाय अनेका॥ कियो प्रेम मारग दृढ एका॥
श्रीगोकुल वस सुख उपजायो॥ कृष्ण नाम को दान चलायो॥
विरहानल में सुभग शरीरा॥ वानी प्रेम सिंधु गंभीरा॥
हरि प्रापतिकी रीति वताई॥ विरह रूप करि प्रगट दिखाई॥
विरह भयो जिनको सब नेमा॥ विरह रूप करि जिनको प्रेमा॥
विरहे भरी भक्ति विस्तारी॥ ताते गोकुल गेल नियारी॥

दो॰ द्वापर तन धरि सुरन हित कृष्ण सँघारे दुष्ट,
श्रीवल्लभ वपु धरि कियो प्रेमपंथ कलि पुष्ट॥

सो॰ मन वच क्रम सो चित्त श्रीवल्लभ चरणन नयो,
एही आस वही चित्त वहि साधन वहि युक्ति फल॥

हृदे श्रीवल्लभ कुँवर मनाऊँ॥ चरणकमल तिनको सिर नाऊँ॥
श्रीगोकुल में जिनको धामा॥ विश्वविदित सुंदर सुणग्रामा॥
प्रेम भक्ति की ज्योति विराजै॥ तेज प्रताप जगत पर राजै॥
जिनके सदन रहैं ये ऐसे॥ नंद महर के सुनियत जैसे॥
नहीं कृष्ण की नित नवलीला॥ वाल विनोद भरी सुख शीला॥
तिनकी शरण जीव जे आवै॥ नेह दृढ भक्ति कृष्ण को पावै॥
देत अभय वर अति सुखदाई॥ कृष्ण नाम रस सुधा पियाई॥
भक्तिदान को परम उदारा॥ जगत विदित श्रीगोकुल द्वारा॥
नाम हंस गवल वर्ष मरारी॥ परम कृपाल दीन दुख हारी॥
श्रीमोहन जी नाम सुहाई॥ सुन्दर श्याम श्याम की नाई॥
परम विशाल कमल दल लोचन॥ दया दृष्टि उर ताप विमोचन॥
मधुर मनोहर शीतल वानी॥ प्रेम सुधा रस सों लपटानी॥

दो॰ तिन तोरथ पति भाधि दियो कलनाम मोहि दान,
दीन मानि गह्यो शरण लगि के मैं रूकान॥

सो॰ तिनके पद उर राखि ब्रजविलास वरणन करौं
मो मन को अभिलाष पूरण करि हैं जान जन ॥

वंदन हौं अब सूर सुजानै ॥ तिन्हैं सूर सम सब कोऊ जानै
प्रेम रूप वाणी परकासा ॥ प्रफुल्लित अंबुज सुनि ही तासा
कृष्ण रूप बिन और न देख्यो ॥ जगत विषै तन सम करि लेख्यो
राखे नैन सदा करि ध्याना ॥ दिव्य दृष्टि ही सुयश बखाना
लीला ब्यास जनम भरि गाई ॥ रहसि केलि सब प्रगट जनाई
वाणी भाँति अनेक बखानी ॥ कृष्ण प्रेमरस सों लपटानी ॥
वड़े कठोर मोह बस जेऊ ॥ होत प्रेमवश सुनि कै तेऊ ॥
कीनों अति उपकार जगत कौ ॥ मारग दियो चलाय भगत कौ
मोहि बड़ाई करि नहि आवै ॥ जिनको गायो सब कोऊ गावै
चरण सीस धरि तिन्है मनाऊं ॥ यह अपराध क्षमा करि पाऊं ॥
मोतें यह अति होत ढिठाई ॥ करत विष्णु पद की चौपाई ॥
सो मम दोषन उर में धरिये ॥ सुफल मनोरथ मेरो करिये ॥

दो॰ अब संतन की मंडली वंदत हौं सिर नाय ॥
विना कृपा जिनकी भये हरि यश गाय न जाय ॥

सो॰ करिहैं मोहि सहाय गुण गाहक पर हित करन
तिनको सहज सुभाय संतन संत कृपाल चित ॥

संत मंडली कों सिर नाऊं ॥ जिनकी कृपा विमल मति पाऊं
जिनकी कृपा विघ्न सब नासैं ॥ जिनकी कृपा कृष्ण गुण भासैं
जिनकी प्रेम प्रीति फल पाई ॥ जिनकी कृपा कुमति मिटि जाई
जिनकी कृपा होइ गुण नाना ॥ जिनकी कृपा सर्व कल्याना ॥
जिनकी कृपा मोह तम नासै ॥ जिनकी कृपा ज्ञान परकासै ॥
जिनकी कृपा सकल सुख मूला ॥ होहु सुसंत मोहि अनुकूला ॥
जै जै जै श्री कुंज बिहारी ॥ नंद नंदन वृषभान दुलारी ॥

मंगल मूरति आनंदकारी । लीला ललित भक्त भयहारी ।
रूप निधान प्रेम की रासी ॥ अखिल नाम ब्रज कुञ्ज विलासी ।
अखिल नाम गुण सुख के धामा । पूरणकाम स्याम अरु स्यामा ।
युगल किशोर ध्यान उर धीमें । सुभग कमल पद स्वछन्न करीं ।
ब्रजविलास रस परम हुलासा । गावत हैं ब्रजवासी दासा ॥

अथ कथाप्रसंगवर्णनम् ॥

दो॰ तन्नमामि पद परम गुरु पुरुषोत्तम जगदीस ॥
कृष्ण कमल लोचन सुखद सकल देव मणि सीस ॥
सो॰ वन्दो नंद किशोर वृंदा वन वासी सदा ॥
श्री राधा चित चोर आनद घन मय मन हरण ॥

कहौं कथा सुन्दर सुख देनी। अघ हरणी वैकुंठ नसैनी ॥
कृष्ण चरण पंकज रति देनी। जन पावन करता जिमि वेनी
श्री कालिंद तनया तट पावन। वसत मधुपुरी परम सुहावन
जाकी महिमा सुर मुनि गावैं। तीनि लोक पर वेद वतावैं ॥
दरसन ते नर पावन होई। कृष्ण कृपा विन सुलभ न सोई
उग्रसेन तहां वसे नरेसा ॥ नीति निपुन सह सह धर्म सुवेशा
ताकौ सुवन कंस अति पापी। असुर बुद्धि भव निम्व संतापी॥
कियौ तात गहि वंदी शाला। आपन भयो कंस भूपाला ॥
लाल अनुज तहां देवक नामा। सुता तासु देवकी ललामा ॥
दई कंस वसुदेवहि ताही। लोक वेद की रीति विवाही
दायज दियौ अनेक विधाना। हय गज रथ पट भूषण नाना ॥
दासी दास वहुत संग दीने। दान मान पर पूरण कीने ॥ ॥

दो॰ तव चढाय रथ देवकी आप भयौ रथ मान ॥
पहुंचावन अनिह्नन सों चल्यौ सहित अभिमान
सो॰ तेहि छिन गिरा विशाल होत भई आकाश तें
होय कंस कौ काल देवकी कौ सुत आठवौं ॥

कंस असुर सुनि वचन अकासा। भयो चकित मन मिट्यो हुलासा
शत्रु समान देवकी मानी ॥ रथ तें उतरि पर्यो अभिमानी॥
खड्ग निकास हाथ में लीन्हो। यह विचार अपने मन कीन्हो
अवहीं याहि मारि दुख मेटौं। पुनि कलेश काहे कौ भेटौं ॥
केकपकारि देवै गति तानी। नहिं कछु कान न चाहन पीकीनी

तब वसुदेव दीन ह्वै कहही । नृप संबोधन तौ भूप यश लहही
कहौं यह पुनि सखा निहारी । राजन कीजे काज विचारी ॥
सुनि वसुदेव भई नभ बानी । तुमहू सुनी कछु नाहि छिपानी
ताते अब सोच किन कारिये ॥ साचे कहे तो दुख भारिये ॥
वृक्ष फलै जो विषफल भारो । नाहि अनेपु हि वेही त्यागो ॥
जो न हिं हतौ आज यह बाला । मिटै न डरत शोच त्रिकाला ॥
कन्या जो स्याही तोहि दैहौं । याहि मारि उर शोच न सैहौं ॥

दो० मुनि जन गुरु जन सगजन तिन्ह कि कह्यौ निहि काल
वृथा होति है सत्य फल यह नृ उक्ति महिपाल
सो० ये हैं तुम्हरे मान आनकदुंदुभी देवकी ॥
इन्हें न हानिये जान वेद विरोधन कीजिये ॥

पुनि वसुदेव कह्यौ कर जोरी । राजन सुनिय विनय कछु मोरी
अया देवकी कौ जिन मारौ ॥ याकौ सुत है शत्रु तुम्हारौ ॥
सब सुत याके हम यै दीजें । जीवदान याकौ प्रभु दीजे ॥
यह वाचा हम तुमते भाखै ॥ चंद सूर्य साखी द्वै राखै ॥
भली बात यह सबहिन जानी । भावी विवश कंसहू मानी ॥
हरि कीनो चाहै सोइ होई ॥ ताहि मिटावन हारन कोई
तिन्हें सहित नृप घर फिरि आये । करि अगोट दोऊ रखवाये ॥
प्रथम पुत्र जब देवकी जायौ ॥ लै वसुदेव कंस पर आयौ
बालक देखि कंस हँसि दीनो । इनतौ कछु अपराध न कीन्हौ
अठवौं गर्भ शत्रु है मेरौ ॥ सो दीजो तुम मोहि सबेरौ ॥
यह कहि अपनो पाप कमायौ । तब वसुदेव हर्ष कौ पायौ ॥
ऐसे बालक फेरि सुदीनो ॥ वसुदेव गवन भवन को कीनो

दो० तब तहाँ पै नारद ऋषि पहँ लिये हस्त तल बीन
गुण गावत गोविंद के आये परम प्रवीन ॥

सो॰ उठ्यौ देखि कै कंस सीस नाय पद वंदि करि
बैठारे पर संस शुभ आसन ऋषि नारदहि ॥

समाचार जो कछु ह्वै आये ॥ सो सब ऋषि कों कंस सुनाये
सुनि नृप वचन विहँसि ऋषि बोले तुम कत रहत शत्रु सों भोले ॥
जाके भय तुम अति भय मान्यौ आठवौं कौन सु तुम कछु जान्यौ
जो वह प्रथम माहि आयो होई । देव चरित्र जान कछु कोई ॥
आठ लकीर खैंचि दिखराई ॥ गिनती मैं सब आठौं आई ॥
यह समुझाय गये ऋषि ज्ञानी कंस असुर उर अति भय मानी
तिहि क्षण बालक फेरि मँगायौ लै वसुदेव तुरत ही आयौ ॥
लियौ मूढ़ गहि कर मैं ताही फटकट भयौ शिला पर वाही
याही विधि आठ बालक मारे मात पिता अति भये दुखारे ॥
कहत अहो श्रीपति असुरारी तुम बिन कासौं करहुँ पुकारी
यह संताप मिटै कब भारी ॥ वेगि लेहु प्रभु सुरति हमारी
केहि विधि नाथ राखिये प्राना करत कंस निर्वंस निदाना ॥

दो॰ विपति विनासन दुखदमन जनरंजन सुरराय ॥
अब हम कौं कोऊ नहीं तुम बिन और सहाय ॥
सो॰ विनती प्रभुहि सुनाय सत मन दंपति दुखित अति
होत न प्रगट जनाय कंस असुर के त्रास तें ॥

भई भूमि जब अधिक दुखारी बढ्यो पाप असुरन कौं भारी ॥
सहि न सकी तब गौ तन धारी शिव विरंचि पह जाय पुकारी
सकल सुरन मिलि कियो विचारा हम तैं नाहि उतरै भुव भारा ॥
विनय करीय चलि श्रीपति पाहीं कृपा करैं तब सब दुख जाहीं
भूमि सहित सुर सकल सिधारे क्षीरसिंधु तट जाय पुकारे ॥
जहँ श्रीपति श्री सहित निवासी पुरुषोत्तम अविगत अविनाशी
येनु अयकरि विनय सुनाई ॥ जै जै जै त्रिभुवन के साईं ॥

जै सुखकंद संत हितकारी॥ जै जगवंद भूमि भै हारी॥
जै जै असुर समूह निकंदन जै जै भक्तन के उर चंदन॥
जै जै जै प्रणतारत मोचन। दैत्य दलन सुर शोच विमोचन
जै जै जै प्रभु अंतरजामी सुनिय विनय सचराचर स्वामी
करिये प्रभु सो बेग उपाई॥ हरिये नाथ भूमि गरुआई॥

दो॰ धरिय मनुज तन दनुज हति करिये धरणि उद्धार
परसत पद पंकज मिटहिं सकल भूमि अघ भार॥
सो॰ पाहि पाहि भगवन शरणागत वत्सल हरे॥
कृपा करहु आनंत दीन दुखित जन जानि हरि

दीन वचन जब धेनु पुकारी भई गिरा नभ मंगल कारी॥
जाहु सकल सुर घर भय त्यागी धरिहौं नर तनु तुम हित लागी॥
प्रथम जन्म देवै वसुदेवा॥ मो सन माँगि लियो करि सेवा।
तुम सम पुत्र हमारे होई॥ मैं तिन्ह कौं वर दीन्हो सोई॥
तेई नंद जसोदा जानो॥ ॥ दूध पियावन उन हित मानो
गर्भ देवकी के अवतरिहौ बाल चरित गोकुल में करिहौ
तुमहू गोप भेष धरि होऊ॥ मम संग सुख पावो सब कोऊ।
यह कहि सुरनि बिदा हरि कीन्हो आयसु पुनि शक्तिहि दीन्हौं
सप्तम गर्भ देवकी केरा॥ तहाँ शेष मम अंस वसेरा॥
सो आकर्षण करि क्षणमाहीं राखौ गर्भ रोहिनी पाहीं॥
शक्ति जब हि हरि आयसु पायो तत क्षण ता हित हीं पहुँचायो
हरि इच्छा विन कछु जानन कोई जो कछु करन चहें सो होई

दो॰ तब कृपाल जन के सुखद पचि माँ सित समलोकन
निज आगम दैयकि उदर दियो जनाय भगवंत॥
सो॰ तन दुति वढी अपार परम प्रकाशित भवन सब
आनन मुकुर निहारि अति प्रसन्न मन देवकी॥

निज मुख मुकर देवकी देख्यो। सरद चंद पूरण सम लेख्यो॥
मिटौ तिमिर भ्रम अति सुख पायो। जान्यो कंस काल हरि आयो॥
प्रभु आगमन जान कर देवा। आये सकल जनावन सेवा॥
नभ ते गर्भ स्तुति सब करहीं। जै जै जै जै जै उच्चरहीं॥
जै ब्रह्मा शिव सेव्य सदाई। जै वेदान्त वेद सुर साई॥
जै तीरथ पद भवनिधि बोहित। प्रणत पाल जै दीनन के हित॥
जै संकल्प सत्य गुण धामा॥ जै जन वांछित पूरण कामा॥
जै गो द्विज हित नर तनु धारी। जै संतन पति गति अपहारी॥
जै कृपाल आनंद वरूथा॥ वंदित चरण सकल सुर यूथा॥
जै पुरुषार्थ अमित अनूपा। महा पुरुष सचराचर भूपा॥
जै अहीश नित नव गुण गावैं। तदपि नाथ गुण अंत न पावैं॥
जो मुनि जन मन ध्यान न आवै। भक्त अधीन वेद यश गावैं॥

अलख अरूप अनीह अज प्रभु अद्वैत अनादि।
गर्भ वास सो देवकी कौतुक निधि सर्वादि॥
सो किनहु न पायो भेव शेष महेश गणेश विधि
नमो नमो नहिं देव पार विचित्र चरित्र प्रभु॥

कर विनती सुर सदन सिधारे॥ परमानंद मगन मन भारे॥
तव देवै पति पास बखाने॥ कोमल वचन प्रेम सों साने॥
हो पिय सो उपाय कछु कीजै। अब कै यह बालक रख लीजै॥
बुधि बल छल पीकीजै सोई। जामैं कुल को नास न होई॥
मैं मन वच अब कै यह जाना। है मम उदर देव भगवाना॥
कहा करौं कछु यत्न न पाऊं॥ कौन भांति यह गर्भ दुराऊं॥
सत्य धर्म वरु जाय तो जाऊं। पति यह सुत हित करिय उपाऊ॥
कंस धर्म सब हारि हित भाखैं॥ सो हरि तजि कहु धर्महिं राखैं॥
सुनहु प्रिया अस को हितकारी। जो यह बालक लेहि उबारी॥

सिर ऊपर बैठे रखवारे ॥ पायन परे निगड़ अति भारे ॥
सुनहु असुर उग्र वंस विनासन । केहि विधि सेउ परे निय सासन ॥
ऐसो को समरथ जग माहीं । जो यह औसर होइ सहाई ॥

दो॰ घट बालक वध सुनि करी दंपति दुखित विचार ।
अति व्याकुल भय कंस के द्रगन चली वहि धार ॥

सो॰ करुणासिंधु दयाल तात मात अति दीप तलोष ।
प्रगट भये तेहि काल दुख मोचन लोचन सुखद ॥

योग शक्ति हरि आयसु पाई । प्रगटी नंद भवन सो जाई ॥
ताके प्रगट नहो नर नारी ॥ भये नींद वस देह विसारी ॥
भादौं कारी निशि अति पावन ॥ आठैं बुध रोहिणी सुहावन ॥
अखिल लोक पति निज जन सुखदायक । आवै जन्म लियौ सुर नायक ॥
सीस मुकट कल कुंडल कानन । सरद मयंक सरस सुभ आनन ॥
चारु चरण पंकज दल लोचन । चितवन सुखद त्राय त्रय मोचन ॥
कुटिल अलक भ्रू मेचक नाई ॥ जन मन हरन परम सुखदाई ॥
पीत वसन तन स्यामल माला ॥ उर श्रीवत्स चारु मणि माला ॥
भुजा विशाल मनोहर चारी ॥ शंख चक्र गद अंबुज धारी ॥
अंग अंग भूषण सब नीके ॥ परम विचित्र भावने जी के ॥
चरण सरोज उदित नख जोती । कमल दलन राखे जनु मोती ॥
परम प्रताप सुभग शिशु भेषा ॥ अद्भुत रूप देवकी देखा ॥

दो॰ देखि असित छवि चकित मति पति हि लियो बुलाय ।
दंपति परमानंद मन परे हर्ष सुत पाय ॥

सो॰ भरे प्रेम जल नैन अति सनेह व्याकुल शिथल ।
बोले गद गद बैन जोर पाणि विनती करत ॥

प्रभु केहि विधि स्तुव गुण निधाना । तुव माया वस तुम्हहि न जानों ॥
सहसानन जाके गुण गावैं । नेति नेति जेहि निगम बतावैं ॥

जाका भ्रूविलास अनआसा । अखिल लोक उपजे अरु नासा
जो स्वरूप मुनि ध्यान लगावैं । कृपा करहु नव दरसन पावैं ॥
जो सबतें परब्रज अविनासी । सो किमि कहिय उदर समवासी
परम पवित्र चरित्र तुम्हारे ॥ मोहत हैं प्रभु मनहि हमारी
तात मात के वचन सुहाये ॥ सुने प्रेम रस प्रभु मन भाय
बोले तात मात सुख दानी ॥ मधुर मनोहर अमृत बानी ॥
सुनहु मात मैं तुमहिं सुनाऊं । प्रथम जन्म की कथा बताऊं
तुम जाच्यो मोहि करि तप भारे । तुम समान सुत होय हमारे ॥
जन हित बिरद मोर श्रुति गायो । सो कैसे करि जात लजायो ॥
तातें मैं वर तुमकौं दीनौं ॥ सो हम आय सत्य सब कीनौं

दो॰ शिव ब्रह्मा सनकादि मुनि ध्यान सकहि नहि पाय
सो मैं तुम्हरे प्रेम वस दियो दरस निज आय ॥ ॥
सो॰ कौतुकनिधि सुरराय करन चरित सुनि मन हरण
महा मोह उरलाय दियो बहुरि पितु मात मन ॥

करहु तात अब वेग उपाई ॥ हमहिं कंस तें लेहु बचाई ॥
गोकुल हमहिं देहु पहुंचाई । जहां जसोदा कन्या जाई ॥ ॥
मोहि राखि जसुदा के पासा । कन्या ले आवहु अब यासा ॥
सो कन्या ले कंसहि दीजे ॥ तात हमारो नाम न लीजे ॥
ऐसेहि मात पितहि समुझाई । भये तुरत शिशु यदुकुलराई
देखि चरित सुनि प्रभु की बाता । विस्मय हर्ष विवश पितु माता
सुत उठाय उर सों लपटायो ॥ प्रेम विवश लोचन जल छायो
कहति देवकी पति सुनि लीजे । गवन वेग गोकुल को कीजे ॥
जब लगि सुन हिन वह हत्यारो । मन वच क्रम नृप कौन पत्यारो
बने नाथ उर धीरज धारे ॥ नाहिन इतने भाग्य हमारे ॥
जाय यह सुख नैनन पुर पीजे । ऐसे सुत को यश सुनि लीजे ॥

दरसनसुखितदुखितमहतारी सोचतिविकलकसभयभारी

दो॰ अनिसेंधियारीअधनिशिभट घेरे चहुंओर
कौनभांतिजैहे दई पाइनिगड़ अतिघोर॥
सो॰ वाषतअतिजलजोर घनमाजवकम्कलपपव
वीचयमुनअतिजोर पारस्फवर्नाविधि पाइहैं॥

कहाकरौंअबकाहिपुकारौ कौनभांति धीरज उर धारौ
कंस सरोस नवहि किनमारो विनतीकर पतिअयाउबारे
ऐसोसुतविछुरत महतारी कौनभांतिजीवै दुखभारी॥
कृपासुसुद्र भक्तसुखदानी सुननमातकीआरत बानी॥
कृपाकरीसबभ्रम भय टारे गिरेनिगड़ पायन ते भारे॥
तबबसुदेव हरषितेहि ठाहीं लक्षधेनु मनसी मन माहीं॥
पुत्रगोदलै तुरत सिधाये॥ द्वारक पाट खुले सब पाये॥
रखवारे सब सोवत देखे॥ सपदिचलेउर हरषविशेषे
तबहीं मघवारोष निवारी मंद समीर भईभ्रम हारी॥
हरिमुखचंद प्रभातमनासे॥ दामिनिदमकिनपंथपरकासै
प्रभुपर शेष छाहफन छाई॥ आगेसिंह डहाकत जाई॥
सोवसुदेवनजानत भेवा॥ पहुंचेजाययमुनतट देवा॥

दो॰ सरिसदेषिगभीर अतिमनमे सोचविचारि
गोकुल के सन्मुख धस्यौ प्रभुप्रताप उर धारि॥
सो॰ यमुनापतिपहिचानि मनआनंदहुलसौंस्यो
परसन हित पद पानि अतिप्रवाह ऊच्यौ उठ्यौ

गुलफजघकटिलौंजल आयौ तबहीं कोकछुउर्द्ध उठायौ
ज्यौंज्यौंसुत वसुदेव उठावैं त्यौंत्यौं जलऊपर चढ़ि आवैं
नाकपरियतनीर जब आयौ तबहरि पद नभकौं लटकायौ
परसिनीरहंकारहिं दीनो॥ तुरतहिभयो गुलफतें झीनो॥

भयो पार लै के घन स्यामहिं। गये वसुदेव नंद के धामहिं
तहां सकल जन सोवत पाये। सुत लै जसुमति पास सिधाये
कन्यां तहां पुनीत निहारी॥ लई उठाइ राषि दै त्यारी॥
फिरि फिरि सुत कौ वदन निहारी। चले तुरत भै कंस विचारी॥
जो संपति निगमा गम गाई॥ योगी जनन जानि नहिं पाई
सनकादिक सव सविधि सयाना। शंकर जासु धरत हैं ध्याना
सारद नारदादि जस गावैं॥ सहस वदन हू पार न पावैं॥
अहो विलोकहु भाग्य वड़ाई सोई सोवत जसुमति पाई॥

जहां देवकी प्रेम वस अति व्याकुल अकुलात
वालक अरु वसुदेव कहिं पठय वहुत पछतात
वैठत उठत अधीर व्याकुल सौरी सेज पर॥
मोचत नैनन नीर वोल सकत नहिं कंस भय

मन मन सुर मनाय सन मानै मत यह भेद दई कोउ जानै
रखवार कहुं जानन जाहीं॥ मत कोउ दुष्ट मिलै मग माहीं
यातें अधिक सोच मोहि भारी क्यों दुरि है शशि मुख उजियारी
मग महं यमुना अति गंभीरा कोहि विधि पहुंचैं गेउ हू तीरा
गोकुल पहुंचे धौं मग माहीं भई वेर पति आये नाहीं॥
एहि विधि सोच विवस अकुलाई इक छन कल्प समान विहाई
पहुंचे वसुदेव तेहि छन जाई पूछन उठी पुत्र कुशलाई॥
कोहि विधि पुत्र राषि पति आये समाचार वसुदेव सुनाये॥
कन्या दई देवकी हिं जवहीं। द्वारक पाद गये लग तवहीं।
वेरी हुइ गइ पग तन काला। कन्या रोय उठी तेहि काला॥
चहुं दिस जाग परे रखवारे॥ तुरत कंस पहिं जाय पुकारे॥
सुनतहि तंव भनि असुर आयो लीने खड्ग तहां चलि आयो
कन्या लै तव देवकी [illegible]॥

दीन वचन आधीन ह्वै कंसहि दियो सुनाय ॥

सो॰ अहो भ्रात यह दान तुम हम कौं अब दीजिये
है कन्या जिय जान यातें भय तुम कौं नही ॥ ॥

सुनत कंस भगनी की बानी ॥ मृत्यु त्रास तें सठ रिस मानी
यामें कछू होइ छल कोई ॥ को जाने विधना गति गोई ॥
यह विचार कन्या गहि लीनी पटकन की मसा नें हि कीनी
कर तें छूट गई आकासा । दिव्य रूप तहें कियो प्रकासा
बोलत भई गगन तें बानी अरे मंद मति अधम अज्ञानी
मम हत्या तें कछु बस नाहीं ॥ तेरो रिपु प्रगट्यो ब्रज माहीं
सर्पग्रसित जिमि दादुर होई साखी खान चहत सठ सोई
तैसे तू चहे मारन मोही ॥ आयो काल निकट सठ तोही
ऐसें कहि कर स्वर्ग सिधारी कंसहि सोच भयो सुनि भारी
पर्यो देवकी चरणन माहीं मैं मारे तुव पुत्र वृथा ही ॥
छमा करो मेरी अपराधा ॥ है विधि की गति अलख अगाधा
बसुदेवहु सन छमा कराई ॥ निगड़ दिये पग ते कटवाई

भयो सोच व्याकुल सदन परे ते सेज पर जाहि ।
जागत ही बीती निसा नींद परी नहिं ताहि ॥

सो॰ हरि के चरित अनूप असुर विमोहन सुख द
तरन परत भव कूप से जे प्रेम गावहि सुनहि

जसुदा जब सोवन तें जागी सुत मुख देखन ही अनुरागी
पुलक अंग उर आनंद भारी देखि रही मुखससि उजियारी
गद्गद कंठ न कछु कहि आयो हरषवंत ह्वै नंद बुलायो
आय हु अब पुत्र मुख देखो बड़ो भाग्य अपनो करि लेखो
भये प्रसन्न आज सब देवा सुफल भई सबहिन की सेवा
फूल नंद पिय निय की बानी प्रेम मगन तन दसा भुलानी

हर्षति उठि अति आतुर आयौ। जसुमति सुत कौ वदन दिखायौ।
देखत सुख उर सुख भयौ जैसौ। कहि न सकहिं श्रुति सादर तैसो।
कहा कहौं तिहि छण की शोभा। मनहुं महा छवि कंतरू के गोभा।
आनंद मगन नंद मन माहीं। जानत नाहिं हम कौ कोहि ठाहीं।
रोय उठे तब नंद के लाला॥ जागि परे सब ग्वालनि ग्वाला।
जित तित ते हर्षित उठ आये। मनहुं रंक धन लूटन आये॥

दो०—देहिं वधाई नंद कौ परे जसोधा पाय॥ ॥
कहैं पियारे लाल कौं नैक हमहिं दिखराय॥
सो०—अति हर्षित नंदराय कह्यौ वजावन सोहिलो।
नारि उठीं सब गाय लाग्यौ वजन वधावरो॥

छंदः सुर सिद्ध मुनिंदा परम अनंदा सुनि गोकुल हरि आये।
दुंदभी वजावत मंगल गावत तियन सहित उठि धाये।
विद्याधर किन्नर सुघर कंठ वर करत गाव सचुपाये।
गरजन तिहिं काला मधुर रसाला घन गर्जित जनाये।
वाजत करताला वरखत माला सुरतरू सुमन सुहाये॥
सब करैं कलोलें हर्षित डोलें जै जै जै सुख पाये॥
नभ महं धुनि होई सुन सब कोई भये सबन मन भाये।
संतन हितकारी असुर संघारी आवत क्षिति सुष छाये।
शिव ब्रह्मादिक मुनि सनकादिक परम प्रफुल्लित गाता।
गुणगण सब गावैं प्रभुहिं सुनावैं आनंद उर न समाता।
भये मन चीते सब भय बीते प्रगटे दनुज निपाता॥
अति मन महं हर्षे पुनि पुनि वर्षे सुमन जु सुरतरू जाता।
सुर तिय मन माहीं निरषि सिहाहीं जसुमति के बड़े भागा।
हम सम हम नाहीं पुन्यन माहीं कहैं सहित अनुरागा।
योगी जेहि ध्यावैं ध्यान न आवैं करि करि योगादि यागा।

छं०जो वेदन जाने नेति वषाने सो सुत ह्वै रस भाग
दो०परे परम आनंद सुर उपजावत अनुराग॥
वार वार वरणन करे नंद जसोमति भाग॥
सो०अहे सदन सुर भूलि गोकुल कौ उत्सव निरषे
जके मंगल मूल ब्रजवासी हर्षित सबैं॥

ब्रजवासिन सबहिन सुन पायो॥	नंद महर घर ढोटा जायौ॥
परम्न नंद लोग सब धाये॥	नंदराय नव विप्र बुलाये॥
कान्हि लग्नि ग्रह योग सिधायो	अति विचित्र सब दुजन सुनायो
करत वेद धुनि अति सुख पाई	देहिं नंद कौं सकल वधाई॥
तव स्नान महर उठि कीनो	भाल तिलक चंदन ले दीनो॥
जाति कर्म करि पितर पुजाये	भूषण वसन द्विजन पहिराये
गैया वत्स सवत्स सुहाई॥	वाढ़ी दूधन वीन मंगाई॥
सव विधि सकल फल कृत कीनी	करि संकल्प द्विजन कौं दीनी
सुदिन विप्र सव देय असीसा	चिरजीवहु सुत कोटि वरीसा
हंसि हंसि वहुरि महर नंदराई	हितु कुटुंव सवनि कटकुलाई
वहु सुगंध साथ तिलक वनाये	भूषण वसन विविधि पहिराये
हुते जो कुल मे वृद्ध जिठेरे॥	तिन सो पाय परे सव केरे॥

दो०वंदी मागध सूतगण भरे भुवन वहु भाय॥
लै लै नाम बुलाय सव परतोषे नंदराय॥
सो०मन वांछित सव लेहिं जो जाके भावे मनहिं
नंद भरे रस देहिं किये अजाची जाचकनि

सुनि सुनि धाई व्रज की नारी॥	लेकर कमलन कंचन थारी
मंगल साज साजि सव लीने॥	सहज सिंगार सुभग तन कीने
चारु चपल नयन कजरारे॥	भाल तिलक कचों सिंथ लसवारे
मांगि सेंदुर ऐना आनन॥	गोरी रंग किये कछु आनन॥

अंगिया अंग कसे छवि छाजै । विविध भांति उर हार बिराजै
अति आनंद मगन मन फूली । अंचल उड़त सम्हारन भूली ॥
निज निज मेल मिली सब आवैं । विरहति नंद धाम कौं आवैं
इक भीतर इक आंगन माहीं । इक द्वारे मग पावत नाहीं ॥
सब कौं जसुमति निकट बुलावैं । मुख उघार सुत कौं दिखरावैं
देहिं असीस परो शिशु पायन । जीवहु जब लगि नभ तारायन
पूरण काम भयौ व्रज सारौ ॥ धन्य जसोदा भाग्य तिहारौ ॥
धन सो कोख जहां सुत राख्यौ । पुन्य तिहारौ जात न भाख्यौ ॥

दो॰ धन्य दिवस धन रात यह धन्य लग्न तिथि वार
जहं जायौ ऐसौ सुवन थिर थाप्यौ परिवार ॥

सो॰ पुनि पुनि सीस नवाय देहिं असीस मनाय सुर
जियहु सुवन नंदराय रूप अचल कुल की धुरी

परमानंद नंद अनुरागे ॥ चित्र विचित्र वस्त्र बहु मांगे
सारी सुरंग कसब के लहंगे । अति चटकीली मोल न मंहगे
सिगरी वधू बोलि पहिराई । जो जैसी जाके मन भाई ॥
देहिं असीस मुदित व्रजनारी । फूली कमल कली सी न्यारी
एक हंसि निज निज गृह जाहीं । इक हुलसी आवैं गृह माहीं
एक कहै एकन सौं धाई ॥ हौं यह बात भली सुनि आई
महरि जसोदा ढोटा जायौ ॥ नंद द्वार सखि बजत बधायौ
चलहु वेगि सखि देखिये सोई । विधिना चाह गही है जोई ॥
इक नाचैं इक ढोल बजावैं ॥ एक नंद को गारी गावैं ॥
एक साथिये द्वार बनावैं ॥ एक वदन कौं वारि बधावैं ॥
ध्वज पताक तोरण छवि छाई । घर घर होत अनंद बधाई ॥
पुनि पुनि सुमन देव बरषावैं । फूलन सौं सब गोकुल छावैं ॥

दो॰ ध्वज पताक तोरण कलस बंदनवार दुवार

गोपन के घर घर बंधी घर घर मंगलचार ॥ ॥

सो॰ नंदसदन सविचार वरनिसके सो कौनकवि
लियो जहां अवतार छविसागर त्रिभुवन धनी

ग्वालवृंद सब सुनिउठि धाये । बालवृंद सब निकट बुलाये ॥
खचितवन धातु चित्र सब कीने । गुंजाभूषित भूषण लीने ॥
मयूरपिच्छ भूषण तन माहीं । नयपिच्छहिरन गुंजमुहाहीं
एक कहैं एकन समुझाई ॥ आजु कन्हाई को ऊनहिं जाई ॥
गैयोलेयन सहस्त्र वनावो ॥ चित्र विचित्र वेगि लै ल्यावो
पूत नंद के घर है जायौ ॥ भयो सबन को मन को भायो
करतहौ गहर करत विन काजा । वेग चलौ मंघ सब्हिनै समाजा
दधिमाखन के माट भराये ॥ कछुइक हरदी रंग मिलाये ॥
लिये सीस पर कौतिक गावैं ॥ कौतिक ताल मृदंग बजावै ॥
मिलमिल निजनिज यूथनमाहीं । नंद सदन निरखत सबआहीं
दौरिनंद अतिआनंद पावै ॥ हँसि हँसि सबकौनिकट बुलावैं
छुइछुइ चरणा भेटधर आगे ॥ दैहिं बधाई अति अनुरागे ॥

दो॰ नाचत गावत मगन भइनंदसदन आनंभीर
जनु आये उत्साहसब धरि धरि गोप शरीर ॥

सो॰ देह धरे आनंद मनहुं नंद तिनमधि लसे ॥
जनमे आनंद कंद कहन सकहिं सुखसहसमुख

इकनाचत इक गावत ठाढे ॥ इककूदत अति आनंद बाढे
छिड़कत एक दूधदधि डोलैं । एक कुलाहल करत कलोलैं ॥
मचौनंद घर दधिकौ कांदौ ॥ चाखत दूध दही जनु मादौ ॥
एक धाय एकन पै जाहीं ॥ एकै मिलन डार गल बाहीं ॥
एक एक के पायन परहीं ॥ इकदधि दूध अक्षत सिर धरहीं
अतिउछाह सबके मन माहीं । रक्षा पवगवन कछु नाहीं ॥

गोकुलमध्यदेखियेजितहीं । करतगोपकौतूहलतितहीं
एक लूट नंद कौं लेहीं ॥ एकै एकन कौं धन देहीं ॥
एकन हित करि नंद वुलावें । पटभूषणतिनकौं पहिरावें
एककहैं हमतवकछुलेहैं । जवलालनसुखदेखनपैहैं
एकजोएकन तें कछुलेहीं ॥ तेनिसंक एकन कौं देहीं ॥
अतिआनंदमगनपसुपालक । नाचततरुणवृद्धअरुवालक

दो० गोकुलकौआनंदसवकापैवरनौजाय ॥
जहांपरमआनंदमें लियोजनम हरिआय ॥
सो० नितनवहोयविलासहरिमकुंदकेजनमतें ॥
व्रजसंपदासुपाससुरसुनहोकौतुक निरखि ॥

जवतेंजन्मलियो हरिआई ॥ सुखसंपतिव्रजघर घर छाई
येसवउदासस पर वीना ॥ सवसुन्दरसवरोगविहीना ॥
मुदितजहांतहं सवव्रजवासी । सवजसुमतिसुत प्रेम उपासी
संगसदनवरन्यौकिमिजाहीं । सतसुरसलखिविभ्रमजाहीं
अतिप्रकास मंदिरकेमाहीं । केलिरही हरि छविकी छाहीं
ग्यालगायगोपन की भीरा ॥ कहूंदधिकहूंमाखनहूं छीरा
भूमिवागवन गिरिरमनीया । खगमृगसरसवाककमनीया
विटपवेलिसवसहितफूलफल । दिशाप्रकाशितनिरमलजलथल
सुरभी सुरसुरभी सम तूला ॥ भयोसकलव्रज मंगल मूला
विभव भेद यह कोउ न जानैं । आदिहिवें हम ऐसें मानैं ॥
कृस जन्मआनंद वधाई ॥ सुरनरनागतिहूं पुर गाई ॥
व्रजवासिनमनअधिकउछाहू ॥ कोहनहिंसकहिसहसमुखकाहू

दो० व्रजकोसुखकोकहिसकै सुखमावधिअपार ॥
सुखनिधानभगवानजहंलियो मनुज अवतार ॥
प्रगटे गोकुल चंद संतकुमुद वन मोद कर ॥ ॥

तस कुल असुर निकंद व्रजजन चारु चकोर हित

नितनव भीर नंद के द्वारे ॥ जाचकजन सब होहि सुखारे
गाँव गाँव ते सुनि सुनि आवैं मन भायौ सब कोऊ पावै ॥
पाँच दिवस इहि विधि सुख पायौ छठयौ दिवस छठी कौ आयौ
मंदिर सकल सुवास लिपायौ जहाँ तहाँ चित्रित करवायौ
चौकी चारु सुगंधि सिचाई द्वारे वंदन वार सुहाई ॥
जाति कुटुंब मित्र हितु जेते नंदराय न्यौते सब तेते ॥
ठौर ठौर बहु व्यंजन होई ॥ द्वारन वंदन वार सु होई ॥
गोपवधू सब बनि बनि आवैं लालन कौ पहिरावन ल्यावैं
जरकसि कुरता भूषण टोपी रत्न समेत प्रेम रँग ओपी ॥
रोरी अक्षत पान मिठाई ॥ चौकी धरि कंचन थारनि ल्याई
गावहिं मंगल कोकिल बानी नंद भवन आवहिं हरषानी
करि आदर जसुदा बैठावैं ॥ देखि स्याम घन सब सुख पावैं

दो० वृषभानादिक गोप वर व्रजवासी समुदाम
आये सब नंदराय गृह भूषण वसन बनाय ॥
सो० अति आदर कर नंद सुभ आसन दीने सघन
सबके मन आनंद बजत दुंदुभी नचत नट ॥

कहूँ ग्वाल गावत हैं होरी कहूँ बिलावत गाय घनेरी
बंस प्रसंसा भाट सुनावैं ॥ किन्हूँ ढाढी ढाढिन गावैं ॥
देहि गोपगन तिन कौं दाना भूषण वसन धेनु मणि नाना
परजा सकल खिलौना ल्यावैं अति अद्भुत कापै कहि आवैं
धरहिं नंद के आगे आनी ॥ राखहिं सब अति प्रिय सुख मानी
तिनहीं देहिं निछावर हीर की कोमल स्याम सुंदर वपु की
विस्वकर्मा पलना गढ़ि ल्यायौ रत्नजटित सुरंग सुहायो ॥
लागे विविध खिलौना जामैं देखत मूर्ति रहे मन जामैं ॥

लालन हित सौं नंद रखायौ । विस्वकरमा मन वांछित पायौ
ऐसें दिवस याम युग पायौ। तब सब गोपन नंद जिमायौ
छिरकि सुगंध पान कर दीनौ। तब सब गोपन भोजन कीनौ
मंगल मैं रजनी जब आई॥ गाय उठी सब नारि सुहाई॥

दो० कुरता टोपी पीत रंग लालन को पहिराय॥
लै उछंग पूजन छठी बैठी हर्षित गाय॥

सो० करि कुल कौ व्यौहार करी आरती स्याम की
करत निछावर नारि तन मन धन शशि मुख निरखि

नेग योग सब नेगिन पायौ॥ दियो सबनि जसुदा मन भायौ
प्रातहि उठि लालन अन्हवायौ सुदिन सोधि पलना पौढ़ायौ
निरखि निरखि जसुदा बलजाई अरुण चरण कर कोमलताई
ब्रजवासी जीवन नंदलाला मात सुमंगल फल मदन गोपाला
नित नव मंगल होहिं सुहाये मंगल निधि जब तें हरि आये
नंद सुकृत वर्षा ऋतु सोई॥ जसुमति सुकृत अकाश बनोई
लह घनस्याम स्याम तन उनये मंद हँसनि दामिनि दुति जुनये
रुदन मंद मधुर किलकारी॥ ब्रजजन मोरन आनंद कारी॥
दादुर गुणगण गावहिं दासा परम प्रीति अम परम हुलासा
पलना पचरंग मणि छवि छाई इंद्र धनुष उपमा तिन पाई॥
राज सुकृत कील र लटकाई। सोई मानों बगपांति सुहाई॥
द्रुग घर घर सुख संपति छाई सोई मनहुं भूमि हरी आई॥

वर्षत परमानंद जल नंद सदन जग माहिं॥
ध्यान भूमि हरि सरित मग जन उर सिंधु समाहिं
पूरण होत सुनाहिं जद्यपि निसिवासर नरन॥
बढ़त लहरि पुलकाहिं हरि मुख शशि एक निरखि

कंसहिं वहां नींद सुख नाहीं। आतं चिंता व्याकुल मन माहीं

ऐसौ निकसि सभा उठि प्राता। मंत्री बोलि कही यह बाता॥
मेरो रिपु प्रगट्यौ व्रज माहीं। कौन भाँति पहिचानौ ताहीं॥
जानैं जाय वेगि वह मारौ। ऐसो तुम कछु मंत्र विचारौ॥
दिन दिन बढ़ौ होय सब सोई। को जानै फिरि कैसो होई॥
बोल्यौ एक असुर सुनि राजा। क्यौं डरपत इतने के काजा॥
मोपै एक मंत्र सुनि लीजै। धर्मकाज कछु होन न दीजै॥
जप तप होम होन नहिं पावै। विप्रन साधन असुर सतावै॥
सो वह देव होइगो कोई। सोह नहिं सकहि प्रगट है सोई॥
सब तहँ असुर आय संहारैं। या विधि शत्रु तुम्हारो मारैं॥
बोल्यौ एक बात यह नीकी। औरौं सुनहु हमारे जी की॥
देश देश कौं असुर पठावौ। बालक मास एक के जे पावौ॥

सो॰ तिन सब छिन कौं बध करैं बचन न पावै कोइ।
इनहीं मैं वह होइगो मारो जैहै सोइ॥
सो॰ कह्यौ कंस हरषाइ कहे मंत्र दोउ भले॥
पठवहु असुर निकाय जाय करौ कारज सँभार।

या विधि असुर विदा बहु कीनौं। बाल बधन कौं आयसु दीनौं॥
कह्यौ जाय ब्रज वेगिहि सोई। तहाँ के बालक मारै जोई॥
कह्यौ पूतना आयसु पाऊँ॥ तौ यह काज मैं करि ल्याऊँ॥
सकल गोप सिसु जाय नसाऊँ। जो कहिये तो जीवत ल्याऊँ॥
छिन मैं रूप मोहनी धारौं॥ वसीकरण पढ़ि सब पर डारौं॥
धसि कंकोल दरो जन ल्याऊँ। ब्रजवासिन के बाल पियाऊँ॥
तौ पूतना नाम कहवाऊँ॥ औ नृप कौ काज करि आऊँ॥
तुरत कंस नेहि आयसु दीनौ। सुनतहिं वचन गवन तिन कीनौ॥
ता दिन नंद मधुपुरी आये॥ राजअंस फलु नृप कहँ ल्याये॥
नृप दरबार ताहि पहुँचायौ। समाचार वसुदेव कौं पायौ॥

छोंड़ि वंद तैं नृपतैं राखे ॥ हते मित्र सुन के अभिलाखें
मिलन गये तिन कों नंदराई उठि वसुदेव मिले हरषाई

दो० कुसलपूछिकेपरसपर वारवार स प्रीति
वैठारे नंदराय ढिग करिके आदर रीति ॥
सो० तव वोले नंदराय सुनिये दैव भावी प्रवल
तासों कछुन वसाय जगत भ्रमत जाके विवस

तुम अति कष्ट कंस तें पायो सुनि सुनि वचननि भयो पछितायो
आजु देषि के चरण तिहारे भये हमारे नैन सुखारे ॥
तव वसुदेव कही मृदुवानी अहो नंद तुम सत्य वषानी॥
कर्म रेख नहिं जात मिटाई॥ विधिकी गति कछु कही न जाई
कह्यौ नंद सुत भयो तुह्मारे। तवतें अति सुख भयो हमारे
तुम को जरा आय नियराई॥ वड़ी वैस विधि भयो सहाई॥
तव नंद हलधर जन्म सुनायो॥ प्रथमहिं तिनहिं रोहिणी जायो
तिनकों उत्सव प्रगट न कीन्हौं कंस त्रास अपने उर लीन्हौं ॥
सुनि वसुदेव वहुत सुख पायो तव ऐसें कहि वचन सुनायो
सुनहुं नंद तुम नीके जानों॥ कंस नृपति कृत नाहिं छिपानों
तातें अव वे दोऊ वालक ॥ अपने मान करौ प्रति पालक
अव तुम वेगि गोकुलहि जाहू वालक हित पतियाहु न काहू

अथ पूतना वध लीला ॥

दो० जित तित पठये कंसके करत असुर अनरीति
प्रजालोग के वालकनि तातें हैं अति भीति॥
सो० गई पूतना आज व्रज कों वालक घातनी
कीहै कछु अकाज वेगि धाम सुधि लीजिये
सुनि वसुदेव वचन नंदराई। भये विदा तुरतै भय पाई॥

निकसतशकुनअसुभभयमानो तातेअधिकसोच उर आनो ॥
सिशुचलेकछुसुधितननाहीं वालककेचितामनमाही ॥
इहांपूतना ब्रज मैं आई ॥ रूपमोहनीप्रगटवनाई ॥
गरलक्षाटिकुचसौलपटायो ऊपरसरलसिंगारवनायो ॥
अतिहींकपटछवीलीसोहै। जोदेखैताकोमनमोहै ॥
इत उतहै नंदधामहिआई। देषिरूपजसुधामनभाई
देखिरहीमुखसुन्दरताई ॥ कैयहनरकैसुरकीजाई ॥
काकीवधूकौनकीवेटी ॥ अवलौंमनमैंकवहुनभेटी

विन पोंहि वाने आदर कीनों ॥ वैठन कों शुभ आसन दीनों ॥
अहो महरपाल यान मेरे ॥ मैं आई सुत देखन तेरे ॥
हरि पलना पर मन मुसकाई ॥ जसुमत कछु गृह काज सिधाई ॥

दो॰ ॥ तवहिं रांडि सी दुष्ट मति पलना के ढिग जाय ॥
निरखि वदन मुख चूमि कै लीनों अंग उठाय ॥

सो॰ ॥ दियो कमल मुख माहि विषलपट्यो अस्तन दुर ॥
पकर दुहू कर माहि लगे करन पय पान हरि ॥

पय संग प्राण खिंचे जव वाके ॥ है गय सिथल अंग तव ताके ॥
तव सो लगी कुड़ावन वालक ॥ सो कों छुटे दुष्ट कुल घालक ॥
पय संग प्राण खेंचि हरि लीन्हा ॥ पठे स्वर्ग जननी गति दीन्हा ॥
परी मृतक है असुर सुनारी ॥ जोजन लों निजतन विस्तारी ॥
जसुमति धाय देखि गृह गयो ॥ पालन पर बालक नहि पायो ॥
त्राहि त्राहि करि ब्रजजन धाई ॥ व्याकुल विपुल नंद गृह आई ॥
अति व्याकुल जसुमति महतारी ॥ ढूंढहिं स्याम हिं रोवत भारी ॥
हरि ताकी छाती लपटाने ॥ करत चरित्र जो अचरज साने ॥
ढूंढत ढूंढत उर पर पाये ॥ लै उठाय माता उर लाये ॥
दुख सुख ताको कह्यो न जाई ॥ जिमि मणि गई भुजंग न पाई ॥
सुखित भई तव ब्रज की वाला ॥ कहति वच्यो अति नंद को लाला ॥
नंद जसोमति भाग्य वड़ेरी ॥ सुत की करवर टरी करेरी ॥+॥

दो॰ ॥ आई अद्भुत रूप धरि अति विपरीत कुनारि ॥
कपट हेत नहिं लहि सकी तेहि मारयौ करतार ॥

सो॰ ॥ कहति जसोमति माय पुनि पुनि सवके पांय परि ॥
उवरयो आजु कन्हाइ तुम पंचन के पुण्य ते ॥

वड़े कष्ट यह सुत मैं पायो ॥ आज विधाता वहुत वचायो ॥
कोउ कहै भागवंत नंदराई ॥ कुल के देवन करी सहाई ॥+॥

कोउ कहै नेकु सुतहि मोहि देरी । देखहु सुख मैं पुनि तूं लेरी ॥
कोउ सुख चूमि बलैया लेई ॥ ले उछंग पुनि जसुदहि देई ॥
बच्यौ कान्ह सब ब्रज सुधि पाई । घर घर बजी अनंद बधाई ॥
तबहि नंद गोकुल में आये । देखि पूतनहि अति भय पाये ॥
जो बसुदेव कही ही बानी । सो सब मन में सांची जानी ॥
तहं सब ब्रजवासी जुरि आये । समाचार सब प्रगट सुनाये ॥
तब सुख पाय गये नंद धामहिं । देख्यो जाय सुवन घनस्यामहिं ॥
बदन बिलोकि हरषि उर लाये । बहु बहु दान दै देव मनाये ॥
तब ब्रजवासी सकल बुलाये । अंग पूतना के कटवाये ॥
बाहिर एक ठौर सब कीने ॥ अग्नि लगाय फूंकि तिन्ह दीने ॥

सो॰ अति सुगंध तासंग तें कीनो धूम प्रकास ॥
हरि अस्पर्स प्रताप ते ब्रज सब भयो सुवास ॥
सो॰ रहे अचंभो पाय ब्रजवासी थकृत सबै ॥
चरणकमल चित लाय नंद सुवन महिमा गुनत

हौ ऐसे माया की कनिया । दूध पियायो तब नंदरनियां ॥
पुनि पलना पौढ़ाय झुलावें ॥ हुलरावें दुलराय मल्हावें ॥
लालन के हित नींद बुलावें । मधुर सुर कछु जोइ सोइ गावें ॥
रे लालन की आव निंदरिया । तोहि बुलावत स्यामसुंदरिया ॥
जो कर कपट लाल को आवै ॥ ताहि बकी लौ विधि विनसावै ॥
सहो देवता या कुल केरे ॥ मैं पूजिहौ कमल पद तेरे ॥
वेगि बड़ो कर दे यह बालक ॥ ब्रजजन प्राण पूतना घालक ॥
दुतिया के शशि ज्यौं शिशु बाढ़े । आवा यौ आंखें ढोरनि निवाढे ॥
सोवै मेरो बाल कन्हाई ॥ ॥ माता सुख की बलवन जाई ॥
सोवत देख मौन गहि रहई ॥ जागत दोख बहु कछु कहई ॥
अंग फरकाय अरमा मुसकाने । ता छवि की उपमा को जाने ॥

वार वार शिसुवदन निहारे ॥ जसुमति अपनो भाग्य विचारे

दो॰ हुलरावन गावन मधुर हरि के वाल विनोद
जो सुख सुर मुनि को अगम सो सुख लेत जसोद

सो॰ कवहूं लेत उछंग उर लगाय चूमति सुखहि
निरषि मनोहर अंग कवहुं झुलावत पालने ॥

दरसन कौं नित सुर मुनि आवैं ॥ वाल विनोद निरषि सुख पावैं
कहैं परस्पर सुर नर नारी ॥ हरि के अद्भुत चरित निहारी ॥
अलख अगोचर अज अविनासी पुरुष पुरातन विश्व विनासी
जाको भेद न शिव मुनि जाने ॥ ब्रह्मा पढिपढि वेद वखाने
सो हुलरावत नंद की घरनी ॥ पूरण भई पुरानन करनी ॥
मन अभिलाष वढावति भारी हुलसत हंसत देत किलकारी
वरषि प्रसून हरषि मन माहीं धन्य धन्य कह व्रज घर जाहीं
नित नव कौतुक होंहि प्रकासा व्रजवासिन मन अमित हुलासा
जसुदा नित नव लाड़ लड़ावैं निरषि निरषि व्रजजन सुख पावैं
नित नव मंगल नंद के धामा नित नव रूप श्याम अभिरामा
भक्तवत्सल संत हितकारी भक्तन हित नाना तन धारी ॥
भजत संत यह हृदे विचारी ॥ जन व्रजवासी है वलिहारी

दो॰ जव हरि मारी पूतना सुनि डरप्यौ नृप कंस
प्रगट भयो व्रज शत्रु मम यह जानी निरसंस ॥

सो॰ वसो तासु उर माहिं ताही क्षण ते अचल हरि
भूलत इक क्षण नाहिं शत्रु भाव लाग्यो भजन

अथ कागासुर वध वरनन

कागासुर नृप निकट वुलायो ॥ ताहि सतो सव कहि समुझायो
आवहु वेग नंद सुत मारी ॥ कीयह कारज वुद्धि विचारी

आयसु परिसिर गर्वबढायो ॥ कागरूपतेहि असुरबनायो
वेगिप्रविउठि गोकुल आयो ॥ औरिनकोलसबथनिपरायौ
वैक्यौनंदधाम पर आई + ॥ पलना पौढे बालकन्हाई ॥
वाकौ आवनहीं हरिजान्यो ॥ कागनहोय असुरमहिमान्यौ
जसुदा हरिकौ सोवतजानी ॥ कछुगृहकाजमेंलपटानी ॥
तबहि असुरपलनापरआयौ ॥ चाहतहरिकौंचोच चलायौ ॥
कंठपकरिहरिकरसोलीनौं ॥ नैकमरोरि फेक तब दीनौं ॥
पसौंजाय नृपपास उतान्यो ॥ यहब्रजवासी काहुनजान्यो ॥

तुरतकंसतेहि वृन्नधायो ॥ वीतेजामवोलिनव आयो ॥
सुनहुकंसवुह बालनहोई ॥ है अवतार महा वल कोई ॥

दो०॥एक हांथ सों पकरि मोहिं फेंक दियो तुम पास
है है तुमरो काल वुह मैं कीनो विश्वास ॥५॥
सो०॥सुनि डरप्यो महिपाल कागासुर के वचन सुनि
वुह सो गयो विशाल जग्यो जो उर मैं सोच तरु॥

सभा मध्य सब असुर सुनाई ॥ वारवार सिर धुनि पछिताई
ब्रज मैं उपज्यो मेरो काला ॥ ताके अवहीं ते इह हाला॥
दनुज सुता पूतना पठाई ॥५॥ ताकौ इक छरा मारु नसाई॥
कागा सुर के ऐसे हाला॥५॥ सो नौ दिन दिन होत विशाला
है कोउ वीर जु ताहि नसावे ॥ मम कारज करि आप वचावे॥
ऐसो कौन कहौ मैं जासों ॥ अवके जाय भिरे जो तासों ॥
असुरन कौं यो नृपति सुनायो॥ सकटासुर मन गर्व वढायो ॥
उठि के पान नृपति सों मागे ॥ कहा काम यह मेरे आगे ॥५
तुम प्रताप तेहि पल मैं मारौं ॥ कहौ तौ सव ब्रज कौ संघारौं ॥
कंस हर्ष तेहि वीरा दीन्हो ॥ सूर सराहि विदा तेहिं कीन्हों॥
इहां श्याम पलना पर खेलें ॥ कर गहि पग अंगुठा मुख मेलें॥
अपने मन यह करत विचारा॥ इह मम पद सन्तन आधारा ॥

दो०॥ये पद पंकज सखी उर निरखत शंभु सुजान ॥
इनकौ रस मन मधुप करि करत निरंतर पान ॥५॥
सो०॥पुनि इक पद के ध्यान मगन ब्रह्म सनकादि मुनि
लक्ष्मी अति सुख मान उरतें छरा टारत नहीं ॥५॥

इन पद पंकज रस अनुरागा॥ मगन सकल सुर नर मुनि नागा
रस जो धौं कारस इन माहीं ॥ सो तौ मोहि विदित कछु नाहीं
मोकौ इह रस दुर्लभ भारी ॥ देखौं धौं मैं ताहि विचारी ॥५॥
ता ते पद अंगुठा मुख मेले ॥ लै लै स्वाद मगन रस खेलै ॥
ता अवसर सकटासुर आयो ॥ मगन रूप कान्हन लखि पायो

भारेसकट नंद यह केरे ॥ पलना के ढिग हुते घनेरे॥
तिनसें सो सठ आय समान्यो नंद सुवन तबही यह जान्यो
ताकों हरि इक लात चलाई गिरो सकट तब अति हर्षाई
दनुज निधन काहू नहिं जान्यो गिरो सकट ग्रह सबहिन मान्यो
सुनत शब्द अति व्याकुल धाये, नंदादिक सब जुरि तहं आये॥
जसुमति दौरि स्याम कौं लयेऊ सबके मन अति विस्मय भयेऊ
कारन कहा कहै नर नारी॥ गिरो सकट अपुनि तें भारी

दो॰ पलना ढिग खेलत हुते कछुक गोप के बाल॥
तिनन कह्यौ डार्यो सकट पलना तें नंद लाल॥
सो॰ सो नहिं करी प्रतीति काहू बालन कौं कह्यौ॥
यह तौ कछु विपरीति भई कुशल अति स्याम की

जसुमति अति मन मन पछताई भये आजु कुल देव सहाई॥
बार बार उर सों सुत लाई॥ निरषि नंद पुनि पुनि बलजाई॥
मेरे निधनी के धन छैया॥ लगो मोहि तेरी रोग बलैया॥
ऐसे बहु विधि लाड लड़ाये पय पियाय पलना पौढाये॥
मंद मंद कर ठोक सुलावैं। कछु यक मधु समधुर सुर गावै
सोवत स्याम सुभग सुंदर वर चौंकि चौंकि शिशु सदा प्रगटकर
लये मात कनियां उपटाई॥ मनी फणि मणि उर माहिं दुराई
प्रात निरषि सुख आनंद कीनो चूमि वदन सुत कौं पय दीनों
कोमल धाम अजिर अवआयौ तहं तुम पलना पर पौढायौ
आय मथन दधि भवन पिधारी नंद हि सुत के ढिग बैठारी॥
निरषि नंद सुत आनंद भारी। कमल वदन छवि रहे निहारी
चुटकी दै दै सुतहिं खिलावैं निरषि निरषि सुख अति सुष पावै

किलकि उठे लषि तात सुष कर पद हुलसत गाय
रूप रसद कि उलटे परे सुख निधि त्रिभुवन राय

सो॰ सो छवि कहि न्यन जाय निरषि नंद टेरत महरि
आपुन सकत उठाय अति कोमल मन सकुच मन

नंदहि टेरत सुनि नंदरानी॥ तजी तुरत दधमथन मथानी
जाने महरि गिरे सुखदाई तातें अति आतुर उठि धाई
नंदहि देषि हंसत तिन पासा नव धीरज धरि कियो हुलासा
उलटि पयो सुत देखौ आई उठन सकत कर से जल गाई॥
सो छवि निरषि मातु सुष पायौ तुरत मुदित उलटाय उठायौ
उरलगाय मुखचूंबन लागी कहत आज मैं भई सभागी॥
पिटुकरि नाहीं उलटन लागे डेढ मास के भये सभागे॥
चिर जीवहु मेरे कुंवर कन्हाई आज करौं मैं अनंद वधाई॥
नंदरानी व्रजनारि बुलाई॥ यह सुनि सव आनंद करि धाई
हरि कौं निरषि परम सुख पायौ हर्षित सवहिन मंगल गायौ
वांटी घर घर पान मिठाई॥ नंदसुवन व्रजजन सुखदाई
धनि धनि व्रज की वाल सभागी हरि के वाल चरित अनुरागी

जननी अति आनंद भरि निरषत स्यामल गात
जैसें निधनी पाय धन मुदित रहत दिन राति॥
धनि धनि व्रज को वास धन्य यशोदा धन्य नंद
धनि व्रजवासी दास जिनको मन या रस मगन॥

अथ तृणावर्तवध लीला।

जसुदा भाग न जात वखानौ त्रिभुवनपति कौं सुत करि मानौं
हरि कौं गोद लिये पय प्यावै विविध भांति करि लाड लडावै
कवहूं हरि मुख सौं मुख लावै कवहूं हर्षित कंठ लगावै॥
सो निधनी को धन सुत नान्हा खेलत है सनरहौ नित कान्हा
कव धौं मधुर वचन कछु कैहैं कव जननी कहि मोहि वुलैहैं

कव नंदहि कहि बावा बोलै । खेलत फिरत उन आंगन डोलै ॥
कव धौं तनक तनक कछु खैहै । अपने कर लै मुख मे नैहै ॥
का विधि यह अभिलाष पुरावै । सनहीं मन कुलदेव मनावै ॥
जिस कृत हरि जननी की कानियं । करत चरित्र मात सुखदानियो
तृणावर्त हरि आवत जाना । पठयो कंस सहित अभिमान ।

भयो गरू जननी भर पायौ । सहन सकी नव भुव वैठायो
आप लगी गृह काज कछु परि विसरिज गोपाल
अति प्रचंड वौंड्र उठो गोकुल पर नेहि काल
घात चक्र विष आय वणा वक्त मारी असुर
हरि कौं लियो उठाय अंधधुंध गोकुल कियो
हरि को लै कै गयौ अकासा ॥ धरि धुंध गोकुल चहु पासा ॥
तहां नहीं नर नारि रुपानै ॥ प्रलय काल सम कीसब मानै

जसुमति दौरी आंगन में आई। तहां न पाये कुंवर कन्हाई॥
नंद नंद करि सोर लगायौ॥ तेरो सुत अंधवाय उडायौ।
दौरौ वेगि गुहार लगावौ॥ ब्रजवासिन कौं टेर बुलावौ॥
अति व्याकुल खोजत नंदरानी। जित तित फिरत भवन बिललानी॥
तृणावर्त्तको हरि यों कीन्हौ॥ ग्रीव लपटि तिहिनी चै लीन्हौ।
कठिन शिला पर ताहि गिरायौ। ताके ऊपर आपुन आयौ॥
चूर चूर करि ताके गाता॥ कीन्हौं मुक्त मुक्ति के दाता॥
धूरि धुंध सब तुरत विनासी॥ खोजत हरि हि विकल ब्रजवासी॥
ब्रज वनितन उपवन में पाये। लिये उठाय कंठ लपटाये॥
आनि आतुर जसुमति पै ल्याई। हई गई घर घर आनंद बधाई॥

लिये धाय कै माय ने क्षतिया रही लगाय॥
नंद निरषि सुख पाय कै मनसौं वहतक गाय
वारि वारि ब्रजनारि देहि वसन भूषण मगन
जित तित कहैं विचारि नयौ जन्म हरि कौं भयौ

उबरौ स्याम महरि बड़भागी। देखौ धौं कहुं चोट न लागी॥
रोग लेउं बलि जाउं कन्हाई। हरि हैं ब्रज के जीवन माई॥
भलो न प्रकृति जसोदा तेरी॥ इकलौ हरि कौं छांडति हेरी॥
घर कौ काज इनहुं तैं प्यारो॥ वैरी भजहुं सुरति संभारो॥
वहत बच्यौ री आज कन्हाई। भयो पूर्वलो पुण्य सहाई॥
जसुमति सबसौं कहत लजानी। अब मैं सीख तिहारी मानी॥
मोहिं कहां हो यह सुख माई। मैं तो रंक परी निधि पाई॥
अब मैं अपनो लाल न चैनै हौं। एको तृण काहू न पतिये हौं॥
ऐसें कहि सबसौं नंदरानी॥ कीन्हीं विदा सकल सनमानी।
जसुमति हरि कौं गोद षिलावै। देखि देखि मुख नैन सिरावै॥
आनन कोमल स्याम ललन देखी। वार वार पछितात विसेखी॥

फेरें वच्यौ जाउ वलिहारी। तृणावर्तको घात निवारी॥
नाजानौं कोइँ पुण्यनेको करि रीते सहाये॥
कियोकाम सब पूतनना दणा वर्तयह भाय
मानदुखित जिय जानि कृपासिंधुकरुणभगवान
वाम्हि धरिन सुखदानि करन लगे सुन्दर परम

खेलत मात उछंग कन्हाई। करत वाल लीला सुख दाई॥
जननी वेसर लटकट देखी। चितवत ताहि विसारि निमेषी॥
ताहि पदन कों पाणि चलायौ। नवजननी कछु वचन उचायौ॥
नहि पहुंचत वलनिउकनाई। सोकछ्यो निरषि मान वलिजाई॥
जननी वदन निकट करि लीनौं। नवछूरि हलसि किलक हँसि दीनौं॥
विहसनि चमकि परी दुधदंनिया। जनो विजकिजुवीजकीपतिया॥
प्रमुदित निरषि जसोदा फूली। प्रेम मगन तनको सुधि भूली॥
वाहिर तेतव नंद वुलाये॥ परमानंद सहित उठि धाये॥
हो पति सुफल करो दृग आई। देषहु सुतसुख दंतुलि सुहाई॥
हर्षित हो रहि गोद नंदलीनों। निरषि तात सुख हरि हँसि दीनौ॥
देखत वदन नैन सियराने॥ दूधदांत धौं छवि के दाने॥
अहोमहरि वड़भाग तुम्हारे। सुफल फये मनकाज हमारे॥

कछु दिन घट षट मासके भये श्याम सुखदान॥
अन्नपराशनको दिवस वूझहि विप्र विहान॥॥
सुनि पुलके नंदराय भये पराशन योग हरि॥॥
प्रेम रह्यौ उरछाय सो सुख काये जाय कहि॥

अथ अन्न पराशन लीला

मात काल उठि विप्र वुलायो॥ पोस वृद्धि सुभ दिवस धरायो॥
जसुमति सो दिन आछो पायो॥ सखिन वोलि मृदु गान करायो॥

युवतिमहरि कौं गारी गावैं । और महर को नाम सुनावैं ॥
माणि कंचन के थार मंगाये । भांति भांति के वासन आये ॥
नंद घरनि व्रज वधू वुलाई ॥ जे सव अपनी जानि सुहाई
कोउ जिवनार कोउ पकवाना ॥ खट रस के वहु करत विधाना
वहु प्रकार के विंजन आने ॥ जिन के स्वादन जाइ वखाने
अति उज्जल कोमल सुठि नीके । किये विविधि विधि मन हू अमीके
जसुमति नंदहि वालिकह्यौ तव । वोलहु महर जाति अपनी सव
आइ गये उपनंद सकल घर ॥ ल्याये वोलि सवन आदर कर
वैठारे सव आन अथाई ॥ भीतर गये आप नंदराई ॥
जसुमति हरि कौं उवटि न्हवाये । सुन्दर पट भूषण पहिराये ॥

तन झंगुली सिर चौतनी का चूरा दुहु पाय ॥
वारवार मुख निरषि के जसुमति लेत वलाय
लै वैठे नंदराय जानि सुभरी गोद हरि ॥ ॥
लीने सदन वुलाय गोप सकल आनंद भरे ॥

वैठे सकल गोप गन आई ॥ अति आनंद मगन नंदराई
कनक थार भरि खीर धराई । मिसरी घृत मधु डारि मिलाई
लगे नंद हरि मुख जुठरावन । गोप वधू लागी सव गावन ॥
आंगन वाजी विविधि वधाई ॥ शंख निशान भेर सहनाई ॥
षट रस के विंजन है जेते ॥ करि के अधर छुवाये तेते ॥
तनक अधर जल पोंछि सुहाये । हरि कौं जसुमति पै पहुंचाये
हर्षवंत युवती सचु पाये ॥ लै लै मुख चूमति उर लाये ॥
विप्रन वोलि दछिणा दीनी ॥ नाना वस्तु निछावर कीनी ॥
गोपन संग महर नंदराई ॥ वैठे पनवारे पर जाई ॥ ॥
अति रुचि सवहिन भोजन कीनौं । वीरा वहुरि सवन कौ दीनौं ॥
गोपवधू सव महर जिमाई ॥ दे कर पान सुगंध सिंचाई ॥

इहिविधिसुखविलसैव्रजवासी । निरखैं स्याम सुभग सुभरासी

सुरसिहाँहि ललचाँहि मुनि लखि व्रजजन के भाग
धन्य धन्य कहि सुमन झरि करहिं सहित अनुराग

नित नव मंगलचार नित नव लीला स्याम की
को कवि बरनै पार सेसन पावै पार जिहि ॥

नेति नेति जिनकौं स्रुति गावैं । तिनकौं व्रज जन गोद खिलावैं
जो सुख नंद भवन के माहीं ॥ तीनि लोक महँ सो कहुँ नाहीं
नित्त नयौ सुख जसुमति पावैं । नये नये नित लाड़ लडावैं ॥
नैन ओट हरि करत न कैसे ॥ जुगवत है फणि मणि कौं जैसे
छिन निमिष होत पल ओटा । निरखत ही सुख पाय निछोटा ।
तनक कपोल अधर अरुनारे । तनक तनक कच घूंघर वारे ॥
कुटिल भृकुटि की रेख सुहाई ॥ भाल बिंदु कला पर सुखदाई
नयन नासिका भाल विशाला । कल कपोल निपरम रसाला ।
अल्प दसन चिबुक रद ग्रीवा । तन घन स्याम मृदुल छबि सीव
मात निरखि नैननि सुख पावै । प्रेम विवश मति गति बिसरावै
निरखि रूप जब मनु अनुरागे । कहत कहूँ जन दीठ न लागे ॥
नख पेच राज लै न छिपाई ॥ डारति वार कौन अरुराई ॥

कबहुँ झुलावति पालनै कबहुँ खिलावति गोद
कबहुँ सुलावति पलंग पर जसुदा सहित विनोद

नित प्रति व्रज की वाम आवै जसुमति के सदन ॥
मुदित निरखि घनस्याम लै लै गोद खिलावहीं

इहि विधि बढ़त बाल कन्हाई । कछु दिन मैं सतन सुखदाई ॥
लागे चलन घुटुरुनि वन आंगन । लगि मात्र सौं माखन मांगन ॥
खेलत मणिमय आंगन माहीं । देखत हरि निज परछाहीं
कबहुँक ता कहँ पकरन धावैं । जानु पाणि विचरत छवि पावैं

कवहू किलकत मुख पेखै । कवहू हंसि जननी तन देखै
कवहू बुलाय लेत नंदराई । कवहू जननि ढिग आवत धाई
कवहू किलकत अति भाजै । गिरत परत घुटुवन छवि छाजै
कवहू कजात जह्नावल भाई । खेलत गोपवाल समुदाई॥
कवहू कहत कछु तोतल बाता । सुनत होत सुख पूरण गाता॥
कहन चहत कछु प्रगट न आवै । माखन मांगत सैन बतावै॥
मान समुरु सयनी तैं लेई॥ । कछु खवाइ कछु कर धर देई
खेलत खात कान्ह मणि अंगना । इत उत करत घुटुन्नि यन रिंगना

करचूरा पग पैंजनी तन रंजित रज पीत॥॥
उर हार नख कीटि किंकिणि सुख मंडित नवनीत
इत चकित चित चाय बजत पैंजनी शब्द सुनि
सुर मुनि रहत लुभाय बाल दृश के चरित लखि

खेलत आंगन बाल गुविंदा । तात मात उर करत अनंदा॥
चलत पाणि पद की परिछाहीं । प्रतिबिंबत मणि आंगन माहीं
मनहु सुभग छवि महित टपाई । जलज माज जन लेत भुराई॥
कि धौं जानि पद कोमल आसन । धरि धरि देत कमल के आसन
निरषि सुभग सोभा सुषदानिया । लिये हरषि सादर नंद रानियां
नील जलज तन सुन्दर स्यामा॥ । सुभग अंग सब छबि के धामा
अरुण तरन नख जोति सुहाई । कोमल कमल चरण सुखदाई
रुनि झुनि पैंजनि पायन राजैं। । मन सिज यंत्र सुनत सुर लाजैं॥
कटि किंकिणी जटित रचकारी । पीत झगुलिया सुभग संवारी
कर कमलनि चूरा छवि छाजे । रुचिर बाहु [illegible] राजे॥
कठिला कंठ हार बर सुहाये। । [illegible] पदक [illegible] सुहाये
चरु चिबुक दतिवरनि न जाई । [illegible] कपोल परम छवि छाई
अरुण अधर [illegible] दसन [illegible] हसन में होत

मानहु सुन्दरता सदन रूपरत्न की रीति ॥ ११॥

सो॰ मधुर तोतरे बैन श्रवण सुखद सुनि मन हरन
सुनत होत मन चैन समुझत कछू बनै नहीं॥

नासा सुभग कमल दल लोचन । भाल विशाल तिलक गोरोचन
भृकुटि निकट मसि विंदु किलायों । अलि सावक सो सोयन जायो
लाल चौतनी सीस सुहाई । विविधि रंग मणि गण लटकाई
बाल दसा के कच घुंघुरारे ॥ छिटकि रहे कछु घूम घुमारे
मंजुल तारन की चपलाई ॥ बाल दसा की ललित सुहाई
चंद वदन सुख सदन कन्हाई । निरखि नंद आनंद अधिकाई
बदन चूमि उर सो लपटायो । सो सुख कापै जात बटायो ॥
व्रजयुवती सब चकित वन ठाढ़ी । मनहुं चित्र पुतरी लिखकाढ़ी
प्रेम मगन नंद सुवन निहारैं । गृहकारज की सुरत बिसारै ॥
व्रजयुवती हरि सो मन लावैं । नंद सुवन सब के मन भावें॥
व्रजवासी प्रभु सब के नायक । प्रेम विवस जन के सुखदायक
बालचरित लखि सुरसुख पावें । योग दृष्यासन कादि भुलावें

कर तब बाल लीला ललित परम पुनीत उदार
सुन्दर स्याम सुजान हरि भक्तन के आधार
कापै वरन्यो जाय बाल चरित नंदलाल को
कल्पन सकहि न गाय शेष कोटि सादर सहस

अथ नाम करन लीला

इक दिन श्री वसुदेव विज्ञानी । पठये बोलि गर्ग मुनि ज्ञानी ॥
करि पूजा विधि वत बैठायो । युग पद कमल सीस तब नायो
यह हरि कह्यो सुनिये ऋषिराई । जब ते भयो कंस दुखदाई ॥
तब ते गोकुल नंद अवासा । जाय रोहिणी कियो निवासा॥

जाकेगर्भजन्म सुतलीनो ॥ कंसत्रास सौं प्रगटनकीनो ॥
नामकरण ताको अवताई ॥ भयोनाहिं तुम विनागुसाई
करिकैकृपातहां प्रभुजैयै ॥ ताकोनाम रारिव कै औयै ॥
सुनिवसुदेववचन सुखपायो हर्षसहित मुनिगोकुलआयो
नंदरायऋषि आगमजान्यो अपनो वडौभाग्यकरिमान्यो
चरणधोय चरणोदकलीनो ॥ अर्घासन अति हितकरि दीनो
वडीकृपा कीन्हीऋषिराजू ॥ मोसम धन्य आन नहीं आजू ॥
अति पुनीत भोजनवनवायो। विविधि भाँति ऋषिरायजिमायो

बहुरि महरि ऋषिराय सों कह्यौ जोरि कर दोय
केहि काज प्रभु आगमन कह्यो कृपा करि सोय
तब बोले ऋषिराज पठये हैं वसुदेव मोहिं॥
नामकरण के काज सुभग रोहिणी सुवन कों

सुनत नंद अति भये सुखारे। लै आये कनियां दोउ वारे॥
मुनि चरणन मेले दोउ भाई। दै असीस प्रमुदित ऋषिराई॥
हरि की छवि अति आनन्दकारी। देखि रहे मुनि पलक विसारी॥
प्रथम नंद बलि हाथ दिखायो। जन्म दिवस मुनि पास सुनायो॥
देखि गर्ग उठि कियो विचारा। है यह सिसु सब जगत अधारा॥
अति सुभ लक्षण बल को धामा। धरयो नाम तिन कौ बलिरामा॥
बहुरि नंद चरणनि सिर नायो। कह्यौ कि नृषि मम भाग निआयो॥
तुम सर्वज्ञ अहो मुनि नाथा। देखिये या बालक कौ हाथा॥
मुनिवर देखत चिन्ह भुलान्यौ। प्रेम मगन सब तन पुलकान्यौ॥
पुनि पुनि हरि कौ वदन निहारी। बोल्यौ मुनिवर सुत संभारी॥
